# अग्रवाल महाविद्यालय में मनाया गया नौसेना दिवस

आज दिनांक 4 दिसंबर 2021 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लमगढ़ में प्राचार्य डॉ॰ कृष्णकांत गुप्ता जी के मार्गदर्शन में नेवी डे (नौसेना दिवस) मनाया गया। नौसेना दिवस 1971 में भारत- पाकिस्तान युद्ध मे जीत हासिल करने, भारतीय नौसेना की शक्ति और बहादुरी को याद करते हुए मनाया जाता है। इस शुभ अवसर पर एन॰सी॰सी॰ कैडेट्स द्वारा युद्धपोत पोस्टर बनाकर व नौसेना के इतिहास और पराक्रम को भाषण के माध्यम से रखकर अपनी भावनाएं व्यक्त की। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कैडेट्स रेखा, मोनिका, नताशा, दिव्यांशी व प्राची ने भाग लिया वहीं भाषण प्रतियोगिता में नताशा, दिव्यांशी, रेखावलवली ने अपनी सहभागिता दर्ज की। वही सभी कैडेट ने महाविद्यालय में बने भूतपूर्व विद्यार्थी जय भगवान जी के शहीद स्मारक को साफ करते हुए उनके पद चिन्हों पर चलने का प्रण लिया। प्रतियोगिता का आयोजन एन॰ सी॰ सी॰ अधिकारी सब लेफ्टिनेंट डॉ॰ पूजा सैनी की देखरेख में हुआ। इस सफल आयोजन हेतु अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ॰ कृष्णकांत गुप्ता जी ने वएन॰सी॰सी॰ नेवल इकाई के अधिकारी कैप्टन विवेक कुमार ने अधिकारी पूजा सैनी को व समस्त कैडेट्स को शुभकामनाएं दी।